## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर में नशा न करने को किया जागरूक

**पानीपत।** नशे के खिलाफ चलाए नशा मुक्त भारत पखवाडा अभियान के तहत मंगलवार को समालखा में फ्लाई ओवर पूल के नीचे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस टीम ने इस दौरान आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और नशा न करने की शपथ दिलाई।

### भाजपा की संविधान हत्या दिवस पर गोष्ठी आज

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में 25 जून को सांय 4 बजे संविधान हत्या दिवस पर एक जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री कँवर पाल गुर्जर होंगे जबकि सोनीपत के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा विशेष वक्ता रहेंगे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट करेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**पानीपत।** जिले के गांव मतरौली के पास एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उनको नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक भाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे भाई को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए संदीप ने बताया कि वह समालखा के गांव आटा का रहने वाला है।

### धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**पानीपत।** डीसी डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए संस्थापित किए गए हैं जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं और जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना अपार योगदान दिया है।

### भिवानी में 13 जुलाई को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह

**पानीपत।** आगामी 13 जुलाई को राज्य स्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह इस बार भव्य रूप से भिवानी में मनाया जाएगा। भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा के प्रदेश मुख्य महासचिव विनोद प्रजापति डीग ने बताया कि यह दिन समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। समाज में जागरूकता और एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीपीएचओ द्वारा एक दिन समाज के नाम नामक विशेष मुहिम भी चलाई जा रही है। विनोद डीग ने समाज के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे इस दिन को अपनी पहचान, संस्कृति और संगठन के प्रति समर्पित करें और पूरे उत्साह से इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लें।

### पार्षद संजय के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**पानीपत।** भाजपा समालखा शहरी मंडल द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन विधायक मनमोहन बढ़ाना के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि जसराज भाट्टी ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर की अध्यक्षता शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने की। पार्षद संजय गोयल का जन्मदिन भी दुष्यंत भट्ट द्वारा मनाया गया। रक्तदान शिविर में लायन ब्लड बैंक दिल्ली एवं सिविल हॉस्पिटल पानीपत की टीम ने 118 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

---

### जिला सचिवालय के सभागार में स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# सामूहिक स्वच्छता को अपनाएं गंदगी को दूर भगाएं : सुभाष चंद्र

**कार्यशाला में जिला को स्वच्छ रखने बारे विस्तार से जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र बैठक लेते हुए । फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आज जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला में सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं, जिनमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनजीओ, धार्मिक संतों, भूतपूर्व सैनिकों, खिलाड़ियों, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व स्वच्छ जल की मुहिम शुरू करें। सामूहिक स्वच्छता को अपनाएं गंदगी को दूर भगाए वे मंगलवार को जिले के सभी खण्ड विकास अधिकारियों व पंचायत सचिवों को कार्यशाला में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में जिला को स्वच्छ रखने बारे विस्तार से जानकारी दी। बैठक उपरांत उन्होंने ओल्ड कैम्प ऑफिस में नगर निगम के सफाई निरीक्षकों के साथ बातचीत की व उन्हें सम्बोधित किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह दूसरे चरण का अभियान है। जो 22 जिलों में एक जून से 21 जून तक चलाया गया इसके परिणाम हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि डीएमसी एवं सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हर महीने होगा। जिसमें सफाई कर्मचारियों की कार्यशाला होगी। जिसमें काम के प्रति प्रोत्साहन स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह, डीडीपीओ राकेश शर्मा, जिला परिषद डिप्टी सीईओ कंचनलता के अलावा सभी ब्लॉको से खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव व जिला टास्क फोर्स के सदस्य मौजूद रहे।

### मेयर कोमल सैनी ने बबैल रोड एवं कुटानी रोड के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**पानीपत।** मेयर कोमल सैनी ने वार्ड 14 के पार्षद अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापति एवं वार्ड 12 पार्षद अश्वनी संधू के साथ वार्ड 14 एवं 12 में निर्माणाधीन बबैल रोड एवं कुटानी रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सुमित नांदल एवं कनिष्ठ अभियंता जतिन ने मेयर को इन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मेयर कोमल सैनी ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनसे फीडबैक ली एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की निरंतर जांच करते रहे।

यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कोताही बरती तो ठेकेदार के साथ साथ निगम के अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि बबैल रोड और कुटानी रोड पर कंक्रीट की सड़क बनाई जा रही है। इनके साथ ही जल निकासी के लिए नालों का प्रावधान भी है। बबैल रोड पर रात को रोशनी की व्यवस्था करने के लिए दोनों तरफ स्पेशल लाइट भी लगाई जाएंगी। अधिकारियों को इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है ताकि आमजन को समस्या का सामना न करना पड़े। लगभग 6 करोड़ की लागत से बनने वाले बबैल रोड एवं 1.6 करोड़ की लागत से बनने वाली कुटानी रोड का कार्य होना है।

# वरिष्ठ नागरिक हर समाज की धरोहर हैं : ओपी शर्मा



**पानीपत।** मुख्यातिथि ओपी शर्मा व ग्रीनमैन प्रो .दलजीत कुमार वरिष्ठ नागरिकों को पौधे से सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- मुख्य अतिथि ओपी शर्मा व ग्रीनमैन डा.दलजीत कुमार ने पौधरोपण किया गया

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा आज पौधरोपण व मासिक बैठक का आयोजन कृष्ण गोपाल सेठी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्यअतिथि पानीपत अर्बन को आप्रेटिव बैंक के संस्थापक ओपी शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं मुख्य अतिथि ओपी शर्मा तथा ग्रीनमैन डा.दलजीत कुमार द्वारा पौधरोपण किया गया।

ओपी शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर है। वरिष्ठ नागरिकों को चाहिए कि वे सकारात्मक होकर समाज को अपने अनुभवों का लाभ पहुंचायें। समिति के जिन सदस्यों का जन्मदिन जून मास में था उन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

मंच संचालन महामंत्री ओम ढींगड़ा ने किया। इस अवसर पर ईश्वर शर्मा, ओपी चुघ, एमएल पाहवा, एससी पबरेजा, पुरूषोत्तम शर्मा, नरिन्द्र गोयल, धर्मवीर आर्य, ईश्वर खुराना, श्रीराम कत्याल, प्रताप मदान, एसडी आहुजा, डा.रमेश चुघ व अशोक नारंग आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षामंत्री को असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा के लिए हुकटा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते हुए हुकटा के सदस्य।

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के निवास पर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हुकटा ने मंत्री से कैबिनेट की मीटिंग व मानसून सत्र में सेवा सुरक्षा प्रदान करने और सेवा सुरक्षा का कानून बनने तक विश्वविद्यालयों में कार्यरत पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को कार्यमुक्त न करने के संबंध में एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह निर्देश जारी करवाने की अपील की। वीं शिक्षामंत्री ढांडा ने कहा कि हमारी सरकार पर आप विश्वास बनाए रखें हम आप सभी यूनिवर्सिटी के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा अवश्य प्रदान करेंगे और सेवा सुरक्षा न होने तक कार्यमुक्त न करने का पत्र एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह अधिकारियों से बातचीत कर नियमानुसार जारी भी करवाएंगे।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.विजय मलिक और डॉ.पुलकित बेरवाल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विधानसभा के शीतकालीन सत्र के वायदे अनुसार विश्वविद्यालयों के पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए फाइल पर काम चल रहा है। शइस अवसर पर डॉ.रवीश कुमार,डॉ.रविन्द्र कुंडू, डॉ.मनजीत व डॉ.विश्वास मौजूद रहे।

# माता रोशनी देवी की पुन्यतिथि पर प्रो. ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने हर्बल पौधों का लगाया लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** माता रोशनी देवी की पुन्यतिथि पर पौधे वितरित करते हुए प्रो .दलजीत कुमार। फोटो : हरिभूमि

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रति जन.जागरूकता फैलाने की अपनी अनूठी पहल को आगे बढ़ाते हुए देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रो. ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने अपनी माता रोशनी देवी की 15वीं पुण्यतिथि पर लघु सचिवालय के शहीद स्मारक पर वृक्ष मित्र समूह हरियाणा के अंतर्गत हर्बल पौधों का लंगर लगाकर जनसाधारण को कपूर, तुलसी, केदार तुलसी, स्टीविया, कड़ीपत्ता, एलोवेरा, इन्सुलिन आदि के 600 पौधे वितरित किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम मनदीप कुमार ने माता रोशनी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार द्वारा हर्बल पौधों का लंगर न केवल पर्यावरण की रक्षा में सहायक हैए बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति भी लोगों को जागरूक करेगा।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया, एडीसी डॉ.पंकज यादव, सीटीएम टीनू पोसवाल और एसडीएम मनदीप कुमार को हर्बल पौधों का लंगर और हर घर हर्बल 100 घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान के अंतर्गत 11-11 हर्बल पौधे भेंट किए। इस अवसर पर सुधा झा, सन्दीप कल्याणी, वीरेंद्र शर्मा, सतीश मा., विजेंद्र मलिक, नवनीत, रेणु, सचिन, निशा, अश्वनी, मानसी, सिमरन, अभिषेक व अंकुश आदि ने मौजूद रहे।



रोटरी क्लब रायल के पदाधिकारी मुक्तिधाम के सदस्यों को डी फ्रीज भेंट करते हुए।

# रोटरी क्लब रायल ने मुक्तिधाम को भेंट किया डी फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोटरी क्लब पानीपत रॉयल ने अपनी सेवा के तहत पार्थिव शरीर को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए एक यंत्र को मुक्तिधाम को समर्पित किया गया। रोटरी क्लब पानीपत रॉयल के संरक्षक रमन अनेजा के नेतृत्व में अध्यक्ष मीरा रहेजा एवं सचिव कंवर रविंद्र सैनी तथा अन्य सदस्यों द्वारा इसे भेंट किया गया। रोटरी क्लब रायल ने मुक्तिधाम को डी फ्रीज भेंट किया। सचिव कंवर रविंद्र सैनी ने बताया कि मुक्तिधाम मनुष्य के जीवन में अंत में मोक्ष का द्वार है और हम अपने जीवन में कुछ ऐसा करें कि मनुष्य के मृत्यु के बाद भी हम उनके प्रति अपने सेवा का परिचय दें। ऐसे नेक कार्य से आत्मिक शांति महसूस होती है। इस अवसर पर रोटरी क्लब एवं मुक्तिधाम की ओर से सुदर्शन चुघ, रंजीत भाटिया, एमएल सेतिया, राहुल अग्रवाल, विनोद रहेजा, नितेश डावर, इंद्रजीत मिड्ढा, नंदलाल चुघ, केशव जताना, अशोक व विनोद खन्ना आदि उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब पानीपत की प्रधान भूमिका गुप्ता को मिली प्लेटिनम की उपाधि



इनर व्हील क्लब पानीपत की प्रधान भूमिका गुप्ता प्लेटिनम अध्यक्ष की उपाधि प्राप्त करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आकांक्षा जैन को प्लेटिनम संपादक का खिताब मिला

इनर व्हील क्लब पानीपत को मोहाली में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में किया गया। जिसमें इनर व्हील क्लब जिला 308 के 84 क्लब प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इनर व्हील क्लब पानीपत की प्रधान भूमिका गुप्ता, जिला ईएसओ पीडीसी सीमा चोपड़ा, जोनल काउन्सलर नीरू गुगलानी तथा पीडीसी माला अवस्थी के उत्कृष्ट कार्यो की खूब सराहना हुई। वहीं समारोह में प्रधान भूमिका गुप्ता को उनके सेवा तथा समर्पण के लिए प्लेटिनम अध्यक्ष की उपाधि से नवाजा गया। जबकि आकांक्षा जैन को प्लेटिनम संपादक का खिताब मिला। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद भूमिका गुप्ता द्वारा क्लब ने अपनी टीम तथा क्लब के सभी सदस्यों का पूरे साल उनका सहयोग तथा प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद किया तथा नवनिर्वाचित प्रधान अनीता कपूर को बधाई दी।



पहलगाम में भंडारे के लिए सामग्री व सेवकों को रवाना करते अतिथिगण।

# पहलगाम में भंड़ारे के लिए सामग्री व 25 सेवादार रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री भोलेनाथ अमरनाथ सेवा मंडल समालखा द्वारा विशाल भंडारा हर वर्ष की तरह पहलगाम कश्मीर में लगाया जाएगा। इसके लिए आज मंडल की ओर से 17 टन सामग्री कश्मीर में भेजी गई। जिसको समालखा के एसडीएम अमित कुमार व भडाना के पीए विजय शेखर ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। मंडल के प्रधान स्नेह गर्ग ने एसडीएम का व पीए विजय शेखर का धन्यवाद किया। वहीं रविवार को काठ मंडी में भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमे हजारों श्रृदालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान स्नेह गर्ग ने बताया कि 7वां भंडारा कश्मीर पहलगाम में लगाया जाएगा। आज एक ट्रक राशन सामग्री के साथ 25 सेवादारों की टीम रवाना हो गई है। इस अवसर पर मनोज बंसल, संजय, मुकेश कुमार, राम कुमार, संजय सिंगला कोकी, नीरज गोयल, सूरजभान चुलकाना, सरबजीत बंसल, अंकुश सिंगला, सीताराम आर्य, विरेन्द्र नीटू, तुषार, सतनाम, प्रवीण, मोनू आदि मौजूद रहे।

**अभियान** | अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई ऑपरेशन आक्रमण

# पानीपत पुलिस की 80 टीमों ने 6 घंटे के दौरान 45 आरोपी किए गिरफ्तार

- एक आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित काबू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भूपेंद्र सिंह।

पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए आज सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर एक आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित काबू किया। 3 पीओ व एक बेल जंपर को गिरफ्तार किया। अवैध शराब की तस्करी करते 12 आरोपियों को व सट्टा खाइवाली करते 3 आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 113 बोतल अवैध देसी शराब और जुआ सट्टा खाइवाली में दाव पर लगी 14880 रुपये की नगदी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट के तहत 12 अभियोगए गेम्बलिग एक्ट के तहत 3 अभियोग, आम्र्स एक्ट के तहत एक अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके साथ ही पुराने आपराधिक मामलों में फरार चल रहे 27 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। जबकि हाईवे पर लेन ड्राइविंग के नियमों की उल्लंघना करते पाए जाने पर 359 भारी वाहनों के चालान किए। एसपी भूपेंद्र सिंह ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला में अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 80 टीमें बनाकर जिसमें कुल 356 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे। सभी टीमें सुबह छह बजे से ही अपने.अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी। वहीं एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए समय-समय पर इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे।

# हनुमान चालीसा का सात बार पाठ करना सबसे उत्तम : प. विवेक शास्त्री

- मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** हनुमान चालीसा पाठ के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी। **फोटो :हरिभूमि**

मॉडल टाउन स्थित भाटिया कॉलोनी के श्री गणेश मंदिर में मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ कराया। यह पाठ प.विवेक शास्त्री ने कराया। प.विवेक शास्त्री ने बताया कि मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। जो भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं और उन्हें संकटों से बचाते हैं। गणेश मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने से वातावरण पवित्र हुआ है। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा का सात बार पाठ करना सबसे उत्तम माना जाता है। इस बात का वर्णन हनुमान चालीसा में भी मिलता है। प्रधान बलदेव गांधी और महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि इस गर्मियों को छुटियों में हमें बच्चों में संस्कार देने का कार्य करना चाहिए। उन्हें हनुमान चालीसा, गीता के श्लोकों का कंठस्थ कराना चाहिए। इस मौके पर जोगिंद्र कुंडू, सुमित ठुकराल, कैशियर सतीश फुटेला, जोगिंद्र गाबा, अमित, नरेश, दीपक अरोड़ा, अशोक गुंबर, संजय गुप्ता व अशोक यख्मी आदि मौजूद रहे।

